# पंतनगर को अंतरराष्ट्रीय ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा बनाने की पैरवी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने ऊधमसिंह नगर ज़िले के पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण कर नया ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा बनाने के साथ एयरपोर्ट को आईएफआर (इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स) के तहत आधुनिक उपकरण लगाने के संबंध में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है।

## प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि सरकार द्वारा ऊधमसिंह नगर के पंतनगर में नया ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा विकसित करने के लिये सारी औपचारिकताएँ पूरी करने के साथ ही नियमानुसार भूमि का हस्तांतरण भी किया जा चुका है।
- गौरतलब है कि पंतनगर के पास सिडकुल क्षेत्र में **Integrated Industrial Estate** के साथ-साथ कई बड़े उद्योग स्थापित हैं।
- इसके अतिरिक्त यहाँ नानक सागर डैम, कौसानी, माँ पूर्णागिरि सिद्धपीठ, चितई गोलू देवता मंदिर, पानडूखोली, महावतार बाबा की गुफा, मुनस्यारी, चौकड़ी, द्वाराहाट, दूनागिरी का सिद्धपीठ सहित कई धार्मिक व पर्यटन स्थल भी मौजूद हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/advocacy-to-make-pantnagar-international-green-field-airport